# बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर

# कार्यपरिषद

## की 11वीं बैठक

## दिनांक 08-07-2014 के कार्यवृत्त

# बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर
BASTAR VISHWAVIDYALAYA, JAGDALPUR
(A STATE UNIVERSITY)
(Dharampura) Distt.-Bastar (C.G., India) 494005
Phone 07782-229037, Fax 07782-229037, www.bvvjdp.ac.in

क्रमांक /105 /ब.वि.वि./2014 जगदलपुर, दिनांक 24/07/2014

बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर, छत्तीसगढ़ के नवगठित कार्यपरिषद की बैठक दिनांक 08.07.2014 को दोपहर 12.00 बजे से सभाकक्ष में आयोजित की गई। जिसमें सम्माननीय सदस्यों की उपस्थिति निम्नानुसार रही :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | माननीय कुलपति,<br>बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर | अध्यक्ष |
| 2. | माननीय श्री संतोष उपाध्याय,<br>विधायक, राजिम | सदस्य |
| 3. | माननीय श्री लखेश्वर बघेल,<br>विधायक, बस्तर (अ.ज.जा.) | सदस्य |
| 4. | डॉ. (श्रीमती) रश्मि शुक्ला,<br>शास.दन्तेश्वरी महिला महाविद्यालय, जगदलपुर | संकायाध्यक्ष – सदस्य<br>गृहविज्ञान / जीवविज्ञान संकाय |
| 5. | डॉ. एम.एल. लखनपाल, प्राचार्य<br>शास. नवीन महाविद्यालय, भानपुरी | संकायाध्यक्ष – सदस्य<br>विज्ञान / विधि संकाय |
| 6. | डॉ. जी.पी.खरे, प्राचार्य<br>शास. अभियांत्रिकी महाविद्यालय, जगदलपुर | संकायाध्यक्ष – सदस्य<br>ग्रामीण प्रौद्योगिकी |
| 7. | डॉ. सी.आर.पटेल, प्राचार्य,<br>शास. गेंदसिंह महाविद्यालय, चारामा | संकायाध्यक्ष – सदस्य<br>सामाजिक विज्ञान संकाय |
| 8. | डॉ. ए.के.पाण्डेय, प्राचार्य,<br>शास.वीर गेंदसिंह महाविद्यालय, पखांजूर | प्राचार्य – सदस्य |
| 9. | श्री आई.पी.तिवारी, प्राचार्य,<br>श्री वेदमाता गायत्री शिक्षा महाविद्यालय,<br>जगदलपुर | प्राचार्य – सदस्य |
| 10. | डॉ. डी.एन. मेहर, प्राचार्य,<br>शास. काकतीय पी.जी. महाविद्यालय, जगदलपुर | प्राचार्य – सदस्य |
| 11. | फादर टी.जे. पाल, प्राचार्य,<br>क्राईस्ट महाविद्यालय, जगदलपुर | प्राचार्य – सदस्य |
| 12. | कुलसचिव<br>बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर | सचिव |

आमंत्रित सम्माननीय सदस्यों का स्वागत करते हुए अध्यक्ष की अनुमति से कार्यवाही प्रारंभ की गई। सर्वप्रथम विद्यापरिषद की बैठक दिनांक 07.07.2014 में लिए गये निर्णय का कार्यपरिषद द्वारा अनुमोदन किया गया, तत्पश्चात कार्यपरिषद की कार्यसूची पर विचार किया गया। कार्यवाही विवरण निम्नानुसार है :–

**विषय क्रमांक –1**

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर में ढोकरा कला एवं जनजातीय कला पर प्रमाण–पत्र एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रारंभ करने विषयक। (संलग्न पत्र)

निर्णय :– विद्यापरिषद की अनुशंसा मान्य की गई।

**विषय क्रमांक –2**

शिक्षाविद् डॉ. के.के. झा द्वारा बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर से मानवविज्ञान पाठ्यक्रम में डी. लिट् करने विषयक। (संलग्न पत्र)

निर्णय :– विद्यापरिषद की अनुशंसा का अनुमोदन किया गया।

**विषय क्रमांक –3**

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर में बिलासपुर विश्वविद्यालय एवं पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के स्कोरकार्ड को लागू करने विषयक। (संलग्न पत्र)

निर्णय :– विद्यापरिषद की अनुशंसा का अनुमोदन किया गया।

**विषय क्रमांक –4**

Dr. A.S. Thakur, Prof. & Head Dept. of Biochemistry, Late B.R.K. Memorial Govt, Medical College Jagdalpur (C.G) के द्वारा प्रेषित बायोडाटा अनुसार पी. एच.डी. पाठ्यक्रम में जीवविज्ञान संकाय हेतु पर्यवेक्षक विषयक। (संलग्न पत्र)

निर्णय :– विषय विद्यापरिषद का है। प्रकरण विद्यापरिषद को विचारार्थ भेजा जाये।

**विषय क्रमांक –5**

कुलसचिव, बस्तर वि.वि. को किराये का मकान राशि रू. 8000/– वि.वि. द्वारा माह सितम्बर 2013 से भुगतान किया जा रहा है।

निर्णय :– विश्वविद्यालय द्वारा निर्मित कराये गये कुलसचिव निवास को शीघ्र छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल से अधिग्रहित किया जाये। भुगतान की सूचना ग्रहण की गई।

विषय क्रमांक –6

संविदा एवं प्रतिनियुक्ति में नियुक्त सहायक प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों की सेवा अवधि में वृद्धि की गई है। (संलग्न पत्र)

निर्णय :– सेवा अवधि में वृद्धि की सूचना ग्रहण की गई एवं विज्ञापित पदों को शीध्र भरे जाने के निर्देश भी दिये गये।

विषय क्रमांक –7

बस्तर विश्वविद्यालय में कार्यरत नियमित कर्मचारियों के पुत्र/पुत्री एवं पत्नी को विश्वविद्यालय के परीक्षा शुल्क में छूट तथा प्रति वर्ष शिक्षण शुल्क में प्रतिपूर्ति राशि रू. 4000/– प्रति पुत्र/पुत्री (अधिकतम 02 बच्चों पर) देय है। विश्वविद्यालय अध्ययनशाला में अध्ययनरत पुत्र/पुत्री को निशुल्क शिक्षा प्रदाय करना।

निर्णय :– पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर द्वारा शिक्षण शुल्क में दी जा रही प्रतिपूर्ति संबंधी सुविधा को अंगीकृत कर स्वीकृति प्रदान की गई। यह सुविधा शैक्षणिक सत्र 2014 – 15 से लागू होगी।

विषय क्रमांक –8

1.बस्तर विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में सेमेस्टर पद्यति लागू किये जाने संबंधी।

2.परीक्षा शुल्क में 10 प्रतिशत वृद्धि करने संबंधी।

3. स्नातकोत्तर सेमेस्टर प्रणाली के पाठ्यक्रम में पुनर्मूल्यांकन की प्रथा समाप्त करने संबंधी।

4. परीक्षा केन्द्रों के सत्र 2013–14 का परीक्षा कार्य में संलग्न तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों का पारिश्रमिक दर निर्धारण संबंधी।

5. सत्र 2014 से OMR शीट पद्यति से परीक्षा फार्म मुद्रण कर फार्म भरवाने संबंधी।

6. सत्र 2013–14 का परीक्षा केन्द्र का अनुमोदन।

निर्णय :– विद्यापरिषद द्वारा विषय क्रमांक 8 पर निर्णय हो चुका है तथापि कार्यपरिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

विषय क्रमांक –9

बस्तर विश्वविद्यालय, धरमपुरा परिसर हेतु कुलपति निवास, गैरेज एवं चार दीवारी तथा कुलसचिव निवास, गैरेज एवं चार दीवारी सहित अकादमिक भवन प्रथम तल निर्माण कार्यों के लिए कार्यपालन अभियंता, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, जगदलपुर द्वारा राशि रू. 265.35 लाख का प्राक्कलन एवं नक्शा प्रेषित किया गया था। जिसे स्वीकृति हेतु राज्य शासन को प्रेषित किया गया था। उक्त प्राक्कलन के लिए राज्य शासन द्वारा राशि रू. 215.64 लाख स्वीकृत किया गया है। चूंकि अकादमिक भवन भू तल के ऊपर प्रथम तल का निर्माण किया जा रहा था इसलिए इसके निर्माणाधीन क्षेत्र से क्षेत्रफल कम नहीं किया जा सकता था। तत्कालिक व्यवस्था एवं छात्र हित को भी ध्यान में रख कर प्राक्कलन अनुसार 265.35 लाख का कार्य कराया गया है। अन्तर की राशि रू. 49.71 लाख विश्वविद्यालय के परीक्षा मद से दिया जा सकता है।

बस्तर विश्वविद्यालय, धरमपुरा परिसर के कुलपति निवास हेतु प्रेषित प्राक्कलन में भृत्य क्वाटर, गार्ड क्वाटर, पेविन्ग टाईल्स तथा सी.सी. रोड का कार्यादेश के अतिरिक्त अधिक्य कार्य राशि रू. 36.50 लाख का छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, जगदलपुर द्वारा देयक प्रस्तुत किया गया है। आधिक्य कार्य की स्वीकृति व भुगतान पर विचार करना।

**निर्णय :–** कार्यपरिषद को समस्त वस्तु स्थिति से कुलपति, कुलसचिव द्वारा अवगत कराया गया। यह कि कुलपति (अध्यक्ष) द्वारा कार्यपालन अभियंता, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल, जगदलपुर का पत्र क्रमांक 577/का.अभि./ तक.सा./ 2014 दिनांक 03 मार्च 2014 पढ़कर सुनाया गया जिसमें इस बात का उल्लेख है कि आधिक्य कार्य न केवल कुलपति निवास, अपुति कुलसचिव निवास के लिए भी किये गये है, जिसे कुलसचिव ने भी स्वीकार किया। कार्यपरिषद में निर्णय लिया गया कि :–

1. शासन द्वारा स्वीकृत राशि में से शेष बची राशि रू. 22.04 लाख तत्काल गृह निर्माण मंडल को भुगतान की जाय।

2. प्राक्कलन के अनुसार अन्तर की राशि रू. 41.71 लाख के लिए वस्तुस्थिति को स्पष्ट करते हुए छ.ग. शासन, उच्च शिक्षा विभाग को पत्र लिख कर अन्तर की राशि मांग ली जाये।

3. आधिक्य कार्य की राशि रू. 36.50 लाख निरीक्षण के लिए एक तीन सदस्य की समिति गठित की जाय जिसमें निम्नानुसार सदस्य होंगे –

1. श्री जी.पी. खरे, प्राचार्य, – अध्यक्ष
शास. अभियांत्रिक महाविद्यालय, जगदलपुर

2. श्री रम्मैया, सेवानिवृत्त, सहायक अभियंता, जगदलपुर – सदस्य

3. पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के इंजीनियर – सदस्य

कार्य समिति कार्य एवं गुणवत्ता का निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट देगी। विश्वविद्यालय आधिक्य कार्य क्यों कराया गया इसका औचित्य प्रस्तुत करेगी। छ.ग. गृह निर्माण मंडल द्वारा आधिक्य कार्य किसके आदेश से किया गया है इसकी विस्तृत जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के भवनों को तत्काल हैण्डओवर टेकओवर संबंधी कार्यवाही करें इस आशय से पत्र लिखें।

**विषय क्रमांक –10**

विश्वविद्यालय परिसर ग्राम घाटलोहंगा/टिकरालोहंगा में विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए राज्य शासन द्वारा प्राप्त राशि रू. 470.00 लाख में से निर्माण कार्य प्रारंभ करने के लिए 200.00 लाख डिपाजिट वर्क के रूप में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल, जगदलपुर को हस्तांतरित किया जाना प्रस्तावित है।

**निर्णय :–** छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल, जगदलपुर को राशि हस्तांतरित की स्वीकृति प्रदान किया गया।

**विषय क्रमांक –11**

वार्षिक परीक्षा 2013–14 हेतु आवश्यक प्रपत्रों का मुद्रण केन्द्रीय जेल, जगदलपुर से कराया गया है। भुगतान योग्य राशि रू. लगभग 2.00 लाख प्रस्तावित है। भुगतान की स्वीकृति प्रदान करना।

**निर्णय :–** स्वीकृति प्रदान की गई।

**विषय क्रमांक –12**

वार्षिक परीक्षा 2013–14 हेतु 6 लाख मुख्य उत्तरपुस्तिका मुद्रण छत्तीसगढ़ संवाद, रायपुर से कराया गया है। भुगतान योग्य राशि रू. लगभग 25.00 लाख प्रस्तावित है। स्वीकृति प्रदान करना।

निर्णय :— स्वीकृति प्रदान की गई।

विषय क्रमांक —13

वार्षिक परीक्षा 2013—14 हेतु अमहाविद्यालयीन आवेदन फार्म का मुद्रण केन्द्रीय जेल, जगदलपुर से कराया गया है। भुगतान योग्य राशि रू. लगभग 3.00 लाख प्रस्तावित है। स्वीकृति प्रदान करना।

निर्णय :— स्वीकृति प्रदान की गई।

विषय क्रमांक —14

कार्यपरिषद के निर्णयानुसार 30 नग एल.जी. कम्पनी ए.सी. (5 स्टार ) सी.एस.आई.डी.सी दर पर क्रय की गई है। भुगतान की गई राशि रू. 12,02,076/— की सूचना ग्रहण कर कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान करना।

निर्णय :— कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की गई।

विषय क्रमांक —15

बस्तर विश्वविद्यालय में संचालित स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों एवं कार्यालयीन उपयोग हेतु निर्माता कंपनी गोदरेज से विभिन्न फर्नीचर क्रय किया जाना है। जिसकी अनुमानित लागत राशि रू. 120.00 लाख प्रस्तावित है। सूचना ग्रहण करें।

निर्णय :— स्वीकृति प्रदान की गई।

विषय क्रमांक —16

बस्तर विश्वविद्यालय में संचालित स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों हेतु निर्माता कम्पनियों से विभिन्न प्रायोगिक उपकरण एवं केमिकल क्रय किया जाना है। जिसकी अनुमानित लागत राशि रू. 100.00 लाख प्रस्तावित है। यह खरीदी निविदा करके की जावेगी जिससे गुणवत्ता युक्त सामग्री क्रय किया जा सके। सूचना ग्रहण करें।

निर्णय :— स्वीकृति प्रदान की गई।

विषय क्रमांक —17

विश्वविद्यालय परिसर के प्रवेश द्वार में कैटल केचर छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल, जगदलपुर के प्राक्कलन अनुसार कार्य कराया जाना प्रस्तावित है। लगभग राशि रू. 3.00 लाख का स्वीकृति प्रदान करना।

निर्णय :— निविदा जारी करने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई।

**विषय क्रमांक –18**

संग्रहण, परीक्षा एवं गोपनीय विभाग हेतु स्टील रेक केन्द्रीय जेल, जगदलपुर से क्रय किया गया है। भुगतान योग्य राशि रू. लगभग 1.61 लाख प्रस्तावित है। सूचना ग्रहण करें।

निर्णय :– स्वीकृति प्रदान की गई।

**विषय क्रमांक –19**

आफसेट प्रिन्टिंग हाऊस, चाणक्यपुरी कॉलोनी, सेमरिया चौक, सतना (म.प्र.) के द्वारा उपाधि बावत मुद्रण देयक क्रमांक 99 दिनांक 21.10.2013 की राशि रू. 1,93,025/– (एक लाख, तिरान्बे हजार, पच्चीस) का भुगतान प्रस्तावित है। सूचना ग्रहण करें।

निर्णय :– तात्कालीन प्रभारी अधिकारी से पत्र लिख कर मौखिक रूप से क्रय आदेश दिये जाने की औचित्य पूछा जाये। यदि यह निर्माता कम्पनी हैं तो तत्संबधी औचित्य बताया जाय। भविष्य में संमस्त क्रय संबंधी कार्यवाही नियमानुसार किया जाय।

**विषय क्रमांक –20.**

अन्तर विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता खेलने हेतु बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर द्वारा बैडमिंटन (पु./म.), बास्केटबॉल (पु./म.) टीम, भुवनेश्वर (ओड़ीसा) दिनांक 05.10.2013 एवं एथलेटिक्स (पु./म.) पंजाबी विश्वविद्यालय, पटियाला (पंजाब) में खेलने हेतु दिनांक 20.12.2013 को तथा टेबल टेनिस (पु.) टीम, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर खेलने हेतु दिनांक 08.12.2013 को रवाना की गई थी। उक्त प्रतियोगिताओं में टीम कोच एवं मैनेजर, सहित रवाना हुई थी। जिसके लिए बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर की क्रीड़ा समिति की बैठक दिनांक 31.07.2013 के बिन्दु क्रमांक 05 के निर्णयानुसार आवश्यक किट एवं ड्रेस भावपत्र आमंत्रित कर लागत राशि रू. 1,68,285/– का क्रय किया गया है, लंबित देयक का भुगतान किये जाने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत है। सूचना ग्रहण करें।

निर्णय :– संबंधित क्रीड़ाधिकारी से पृथक – पृथक क्रय करने का औचित्य पूछा जाये। बजट में राशि उपलब्ध होने की स्थिति में विशेष प्रकरण के रूप में भुगतान किया जाये एवं भविष्य में इस तरह के क्रय की पुनरावृत्ति न की जाये।

विषय क्रमांक –21.

सुखसागर देवी प्रबंधन महाविद्यालय, धरमपुरा, जगदलपुर द्वारा शैक्षणिक सत्र 2014 –15 में पाठ्यक्रम प्रारंभ करने के लिए विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्रदान करने हेतु प्रस्ताव दिया गया है।

निर्णय :– सुखसागर देवी प्रबंधन महाविद्यालय, धरमपुरा, जगदलपुर को शैक्षणिक सत्र 2014 –15 में अस्थाई रूप से छात्र – छात्राओं की प्रवेश के अनुमति प्रदान की जाय। शीघ्र निरीक्षण एवं संबद्धता संबंधी कार्यवाही पूर्ण कर ली जाय।

विषय क्रमांक –22.

बस्तर विश्वविद्यालय द्वारा संचालित नवीन पाठ्यक्रम बी.एड. हेतु संविदा भर्ती दिनांक 23.02.2014 को विज्ञापन प्रकाशित किया गया एवं दिनांक 28.02.2014 को साक्षात्कार लिये जाने पश्चात् संविदा नियुक्ति पत्र जारी किये जाने के संबंध में।

निर्णय :– संविदा नियुक्ति पत्र जारी किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई। अपवाद स्वरूप अध्यक्ष ने एक शिकायत टेबिल एजेण्डा में प्रस्तुत करने संबंधी बात बताया।

विषय क्रमांक –23.

बस्तर विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षणिक सत्र 2014–15 में बी.एड. पाठ्यक्रम प्रारंभ करने एवं उक्त पाठ्यक्रम का फीस निर्धारण करने के संबंध में।

निर्णय :– शासन द्वारा निर्धारित फीस राशि रू. 8500/– विद्यापरिषद की अनुशंसा अनुसार स्वीकृति प्रदान की गई है।

विषय क्रमांक –24.

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर 03 नये वाहन क्रय किये जाने के संबंध में विचारार्थ। वर्तमान में बस्तर विश्वविद्यालय हेतु स्थापना के समय 02 वाहन (टाटा इंडिगो एवं टाटा इंडिका) क्रय किया गया था तथा 01 वाहन बोलेरो पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा प्रदाय किया गया था जो 2005 मॉडल है। परन्तु उक्त सभी वाहन अधिक पुराना होने के कारण बार – बार तकनीकी खराबी हो रही है। वाहनों का अपलेखन कर 01 नग कुलपति, 01 नग कुलसचिव तथा 01 नग परीक्षा कार्य हेतु नये वाहन परीक्षा मद से क्रय किये जाने हेतु विचारार्थ प्रस्तुत।

निर्णय :– डी.जी.एस.एण्ड.डी. दर पर प्रस्तावित वाहन क्रय करने की स्वीकृति प्रदान की गई।

विषय क्रमांक —25.

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर में पीएच.डी. पाठ्यक्रम प्रारंभ करने हेतु शुल्क, कोर्सवर्क सिलेबस अनुमोदन, अध्यादेश का पालन एवं आवश्यक संशोधन एवं अन्य दिशा निर्देश के संबंध में विचार करना।

निर्णय :— विद्यापरिषद की अनुशंसा का अनुमोदन किया गया।

विषय क्रमांक —26.

बस्तर विश्वविद्यालय (मांक संख्या 41) अंग्रेजी एवं राजनीति विज्ञान में स्नातकोत्तर प्रारंभ करने संबंधी जानकारी। (संलग्न) की सूचना ग्रहण करना।

निर्णय :— सूचना ग्रहण की गई।

विषय क्रमांक —27.

बस्तर विश्वविद्यालय के वित्त शाखा द्वारा विभिन्न मदों में किये गये भुगतान का प्रस्ताव कार्यपरिषद में कार्योत्तर स्वीकृति/भुगतान सूचनार्थ विषयक। (पत्र संलग्न)

निर्णय :— कार्योत्तर स्वीकृति इस सुझाव के साथ कि भविष्य में भुगतान का पूर्ण व्यौरा सम्मानित सदस्यों को उपलब्ध कराया जाये के साथ प्रदान की गई। विश्वविद्यालय का बजट पुनरीक्षित 2013—14 एवं बजट अनुमान 2014—15 का वित्त समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है। कार्यपरिषद का अवसान के स्थिति में कुलपति द्वारा 15 (4) के अन्तर्गत स्वीकृति तीन माह के लिए प्रदान की गई थी। कार्यपरिषद द्वारा विश्वविद्यालय बजट को स्वीकृति प्रदान की गई।

विषय क्रमांक —28.

बस्तर विश्वविद्यालय के ग्रंथालय हेतु वर्ष 2013—14 का लंबित देयक का भुगतान एवं ग्रंथालय विस्तार एवं वर्तमान में संचालित स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों एवं शैक्षणिक सत्र 2014—15 में प्रारंभ किये जाने वाले नये पाठ्यक्रमों हेतु शोध पत्रिकाओं एवं पुस्तकों का क्रय किये जाने हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव (संलग्न पत्र)

निर्णय :— भविष्य में नियमो का पालन करते हुए विभागों की आवश्यकतानुसार बजट में प्रावधानित राशि के अनुरूप ही क्रय किया जाये।

विषय क्रमांक —29.

विभिन्न मदों में खर्च हुए 1 लाख से अधिक राशि का कार्य परिषद में अनुमोदन।

निर्णय :— कार्योत्तर स्वीकृति इस सुझाव के साथ कि भविष्य में भुगतान का पूर्ण व्यौरा सम्मानित सदस्यों को उपलब्ध कराया जाये के साथ प्रदान की गई।

विषय क्रमांक —30.

विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव विषयक।

निर्णय :— विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव विश्वविद्यालय अधिनियम

विषय क्रमांक —31.

(1) डॉ. शरद नेमा, रीडर, वानिकी एवं वन्यजीव अध्ययनशाला को छ.ग. शासन के पत्र क्रमांक 783/ दिनांक 07.03.2013 के ए.जी.पी. पैरा (2) के अनुसार 03 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर गठित समिति की अनुशंसानुसार पी. बी.–4 वेतनमान 37400 से 67000 +ए.जी.पी.9000/– का लाभ दिनांक 06. 05.2013 से दिया जा रहा है (पत्रसंलग्न)। कार्यपरिषद के सम्मानीय सदस्य द्वारा कार्योत्तर स्वीकृति एवं सादर सूचनार्थ प्रस्तुत।

(2) डॉ. स्वपन कुमार कोले, रीडर, मानवविज्ञान एवं जनजातीय अध्ययनशाला को छ.ग. शासन के पत्र क्रमांक 783/ दिनांक 07.03.2013 के ए.जी.पी. पैरा (2) के अनुसार 03 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर इन्हें पी.बी.–4 वेतनमान 37400 से 67000 +ए.जी.पी.9000/– दिये जाने हेतु गठित समिति द्वारा पी.बी.–4 प्रदान किये जाने हेतु अनुशंसा किये गये (पत्र संलग्न) प्रकरण कार्यपरिषद के सम्मानीय सदस्य द्वारा अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

निर्णय :— डॉ. शरद नेमा, रीडर, वानिकी एवं वन्यजीव अध्ययनशाला को दी गई तीन वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर वेतनमान एवं ग्रेड पे एवं डॉ. स्वपन कुमार कोले, रीडर, मानवविज्ञान एवं जनजातीय अध्ययनशाला को दिये जाने के लिए अनुशंसित वेतनमान एवं ग्रेड पे के संबंध में नियमों की व्याख्या कुलपति द्वारा कर जानकारी सम्मानीय सदस्यों को दिया गया। डॉ. डी.एन. मेहर सदस्य सह अध यक्ष वेतनमान समिति द्वारा अपनी असहमति अंकित की गई। कुलपति की प्रस्तुति पर सम्मानीय सदस्यों द्वारा वेतनमान एवं ग्रेड पे दिये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई।

विषय क्रमांक —32.

माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषयों पर चर्चा।

निर्णय :— कुलपति द्वारा जारी टेबल एजेण्डा पर विचार कर निम्नानुसार निर्णय लिया गया :—

विषय क्रमांक –1

Information cum Admission Form 2014-15 बस्तर विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 24 एवं 25 जून 2014 को "महिला सशक्तिकरण" विषय पर राष्ट्रीय सेमीनार एवं शैक्षणिक सत्र 2014–15 प्रारंभ को दृष्टिगत रखते हुए स्थानीय मुद्रणकर्ता साक्षी प्रिन्टर्स, नवभारत कार्यालय के पास, नयापारा, जगदलपुर से 550 नग फार्म मुद्रण कराया गया है। जिसका देयक राशि रू. 26565/– भुगतान किये जाने हेतु अनुमोदनार्थ प्रस्तावित है।

निर्णय :– तात्कालिक आवश्यकता को देखते हुए कुलपति के मौखिक आदेशानुसार उक्त मुद्रण के संबंध में सचिव सह कुलसचिव द्वारा अध्यक्ष की अनुमति से पूर्ण वस्तुस्थिति को कार्यपरिषद के सदस्यों को अवगत कराया गया अध्यक्ष की अनुशंसा पर भुगतान की स्वीकृति प्रदान की गई।

विषय क्रमांक –2

Abstract Book बस्तर विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 24 एवं 25 जून 2014 को "महिला सशक्तिकरण" विषय पर राष्ट्रीय सेमीनार हेतु स्थानीय मुद्रणकर्ता "सूरज डिजिटल आफसेट, चित्रकोट रोड, जगदलपुर" से 150 नग बुक मुद्रण कराया गया था। जिसका देयक राशि रू. 40162/– है तथा बुक की कमी को दृष्टिगत रखते हुए पुनः 50 नग बुक मुद्रण कराया गया जिसका देयक राशि रू.13388/– इस प्रकार कुल राशि रू. 53550/– भुगतान किये जाने हेतु अनुमोदनार्थ प्रस्तावित है।

निर्णय :– उक्त मुद्रण बस्तर विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 24 एवं 25 जून 2014 को "महिला सशक्तिकरण" विषय पर राष्ट्रीय सेमीनार हेतु स्थानीय मुद्रणकर्ता सूरज डिजिटल ऑफसेट, प्राइवेट लिमिटेड, चित्रकोट रोड, जगदलपुर से कराया गया है। यह कार्य तात्कालिक आवश्यकतानुसार कराया गया। कुलपति के अनुशंसा पर सेमीनार मद में एकत्रित राशि से भुगतान करने की स्वीकृति प्रदान की गई है।

विषय क्रमांक –3

विश्वविद्यालय विनियम क्रमांक 108 (विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 की धारा 40 के अन्तर्गत निर्मित) नियम के अनुरूप केन्द्रीय क्रय समिति का गठन किया गया है सूचनार्थ प्रस्तुत।

निर्णय :– सूचना ग्रहण की गई।

विषय क्रमांक –4

बस्तर विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों हेतु आवश्यक गोदरेज कंपनी की विभिन्न फर्नीचर एवं आलमीरा अनुमानित राशि रू. 45,99,735/– सीधे गोदरेज के हेड ऑफिस मुम्बई से क्रय करने के संबंध में प्रस्ताव।

निर्णय :– Godrej Interio, Registered Head Office Godrej & Boyce Manufacturing Company Limited Pirojshanagar, Vikhroli, Mumbai 400079, India को पत्र लिखकर किसी भी क्षेत्रीय कार्यालय को अधिकृत करने हेतु पत्र लिखे जाने के निर्देश दिये गये।

विषय क्रमांक –5

विश्वविद्यालय में रिक्त विभिन्न शैक्षणिक पदों पर भर्ती के लिए स्क्रीनिंग का कार्य पूर्णता की ओर है एवं आगे की कार्यवाही शुरू की जा रही है। मान. कार्यपरिषद के सूचनार्थ।

निर्णय :– कार्यपरिषद द्वारा सूचना ग्रहण की गई।

विषय क्रमांक –6

बस्तर विश्वविद्यालय में बी.एड. शिक्षकों की संविदा नियुक्ति के संबंध में श्री नरोत्तम बघेल, नयापारा जगदलपुर, के आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि श्री अब्दुल सत्तार द्वारा जमा किये गये अंकसूची एवं प्रमाण पत्र संदेहास्पद है, उनके सभी दस्तावेजों का सत्यापन कराया जाये। प्रकरण विचरार्थ प्रस्तुत।

निर्णय :– उपरोक्त शिकायत की जॉच के लिए तीन सदस्यी समिति गठित की गई जिसमें निम्नानुसार सदस्य होगें –

1. फादर टी.जे. पाल, प्राचार्य, क्राइस्ट कॉलेज, जगदलपुर – अध्यक्ष
2. डॉ. रश्मि शुक्ला, प्राध्यापक, शास. दन्तेश्वरी महिला महावि., जगदलपुर – सदस्य
3. डॉ. स्वपन कुमार कोले, प्रभारी उपकुलसचिव, बस्तर वि.वि. जगदलपुर प्रस्तुतकर्ता – सदस्य

सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि श्री अब्दूल सत्तार का समिति द्वारा समस्त दस्तावेज सही पाये जाने की स्थिति में ही नियुक्ति आदेश जारी की जाय।

विषय क्रमांक –7

बस्तर विश्वविद्यालय से सम्बद्ध अशासकीय महाविद्यालय श्री वेदमाता गायत्री शिक्षा महाविद्यालय एवं विश्वभारती इंस्टीट्यूट कोंटा में हुई परिनियम –28 के तहत नियुक्तियों का अनुमोदन।

**निर्णय :-** सचिव सह कुलसचिव द्वारा अध्यक्ष के अनुमति से कार्यपरषिद को अवगत कराया गया कि बस्तर विश्वविद्यालय से सम्बद्ध अशासकीय महाविद्यालय विश्वभारती इंस्टीट्यूट कोंटा में हुई परिनियम -28 के तहत नियुक्ति का साक्षत्कार आदर्श चुनाव आचार संहिता अवधि लागू में किया गया है। अध्यक्ष समेत सदस्य इससे अवगत हुए एवं दोनो महाविद्यालय के नियुक्त शिक्षक एवं कर्मचारियों के नामों को डॉ. स्वपन कुमार कोले, प्रभारी उपकुलसचिव द्वारा कार्यपरिषद में प्रस्तुत कर पढ़ा गया। कार्यपरिषद ने नियुक्ति पत्र जारी करने की स्वीकृति प्रदान की गई।

सम्मानीय सदस्य श्री लखेश्वर बघेल एवं श्री संतोष उपाध्याय द्वारा कहा गया कि आरक्षण नियमों की जांच कर नियुक्ति आदेश जारी किये जाय।

**विषय क्रमांक -8**

बस्तर विश्वविद्यालय अकादमिक भवन में शेड निर्माण (Transparent P.V.C. Sheet Roofing) कार्य हेतु प्राक्कलन अनुसार राशि रू. 13.50 लाख कार्यपालन अभियंता छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल, जगदलपुर को हस्तांतरित की जा रही है। मान. कार्यपरिषद के समक्ष सूचनार्थ प्रस्तुत।

**निर्णय :-** कार्यपरिषद द्वारा सूचना ग्रहण की गई।

अध्यक्ष की अनुमति से विश्वविद्यालय में कार्यरत दै.वे.भो./ संविदा कर्मचारियों के ज्ञापन को प्रस्तुत किया गया। माननीय विधायक महोदय द्वारा इस संबंध में पूरी जानकारी ली गई है। कुलपति/कुलसचिव द्वारा पदों को भरे जाने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। माननीय सदस्यों द्वारा कर्मचारी हित में शीघ्र पदों को भरे जाने के लिए सुझाव दिया गया। शासन स्तर पर उचित कार्यवाही भी करने का आश्वासन माननीय सदस्यों द्वारा दिया गया।

कुलपति/कुलसचिव द्वारा सम्माननीय सदस्यों के प्रति आभार प्रकट करते हुए सभा समाप्त की गई।

कुलपति के आदेशानुसार

कुलपति
बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर
16.07.2014.

कुलसचिव
बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर

# बस्तर विश्वविद्यालय,

जगदलपुर, (धरमपुरा) जिला–बस्तर (छ.ग.) 494005

दूरभाष–07782–229630 फैक्स 229037


क्रमांक /52 /ब.वि.वि. / 2014 जगदलपुर, दिनांक 02/07/2014

बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर, छत्तीसगढ़ के कार्यपरिषद की ग्यारहवीं बैठक (नवगठित प्रथम बैठक) दिनांक 08.07.2014 में निर्णय हेतु रखे जाने वाले विषयों की कार्यसूची निम्नानुसार है:–

विषय क्रमांक –1

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर में ढोकरा कला एवं जनजातीय कला पर प्रमाण–पत्र एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रारंभ करने विषयक। (संलग्न पत्र)

विभागीय टीप :–

राज्यपाल के अवर सचिव, राजभवन का पत्र क्रमांक 6325/6827/2013/रास/यू.–8 रायपुर दिनांक 14.11.2013 के अनुसार बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर में ढोकरा कला एवं जनजातीय कला पर प्रमाण–पत्र एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रारंभ करने हेतु कार्यपरिषद में पारित करवाकर राज्य शासन को प्रेषित करने हेतु अनुरोध किया गया है। (संलग्न)

विषय क्रमांक –2

शिक्षाविद् डॉ. के.के. झा द्वारा बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर से मानवविज्ञान पाठ्यक्रम में डी. लिट् करने विषयक। (संलग्न पत्र)

विषय क्रमांक –3

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर में बिलासपुर विश्वविद्यालय एवं पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के स्कोरकार्ड को लागू करने विषयक। (संलग्न पत्र)

विभागीय टीप :–

बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर में रिक्त शैक्षणिक पदों की सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन प्रसारित किया गया है। भर्ती हेतु बिलासपुर विश्वविद्यालय एवं पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के स्कोरकार्ड (एक सम्मिलित) को लागू किया जा सकता है।

विषय क्रमांक –4

Dr. A.S. Thakur, Prof. & Head Dept. of Biochemistry, Late B.R.K. Memorial Govt, Medical College Jagdalpur (C.G.) के द्वारा प्रेषित बायोडाटा अनुसार पी.एच.डी. पाठ्यक्रम में जीवविज्ञान संकाय हेतु पर्यवेक्षक विषयक। (संलग्न पत्र)

विषय क्रमांक –5

कुलसचिव, बस्तर वि.वि. को किराये का मकान राशि रू. 8000/– वि.वि. द्वारा माह सितम्बर 2013 से भुगतान किया जा रहा है। सूचना ग्रहण करें।

विषय क्रमांक –6

संविदा एवं प्रतिनियुक्ति में नियुक्त सहायक प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों की सेवा अवधि में वृद्धि की गई है। (संलग्न पत्र) सूचना ग्रहण करें।

विषय क्रमांक –7

बस्तर विश्वविद्यालय में कार्यरत नियमित कर्मचारियों के पुत्र/पुत्री एवं पत्नी को विश्वविद्यालय के परीक्षा शुल्क में छूट तथा प्रति वर्ष शिक्षण शुल्क में प्रतिपूर्ति राशि रू. 4000/– प्रति पुत्र/पुत्री (अधिकतम 02 बच्चों पर) देय है। पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर द्वारा जारी आदेश को अंगीकृत करने पर विचार करना।

विषय क्रमांक –8

1. बस्तर विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में सेमेस्टर पद्यति लागू किये जाने संबंधी।

2. परीक्षा शुल्क में 10 प्रतिशत वृद्धि करने संबंधी।

3. स्नातकोत्तर सेमेस्टर प्रणाली के पाठ्यक्रम में पुनर्मूल्यांकन की प्रथा समाप्त करने संबंधी।

4. परीक्षा केन्द्रों के सत्र 2013–14 का परीक्षा कार्य में संलग्न तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों का पारिश्रमिक दर निर्धारण संबंधी।

5. सत्र 2014 से OMR शीट पद्यति से परीक्षा फार्म मुद्रण कर फार्म भरवाने संबंधी।

6. सत्र 2013–14 का परीक्षा केन्द्र का अनुमोदन।

विषय क्रमांक –9

बस्तर विश्वविद्यालय, धरमपुरा परिसर हेतु कुलपति निवास, गैरेज एवं चार दीवारी तथा कुलसचिव निवास, गैरेज एवं चार दीवारी सहित अकादमिक भवन प्रथम तल निर्माण कार्यों के लिए कार्यपालन अभियंता, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, जगदलपुर द्वारा राशि रू. 265.35 लाख का प्राक्कलन एवं नक्शा प्रेषित किया गया था। जिसे स्वीकृति हेतु राज्य शासन को प्रेषित किया गया था। उक्त प्राक्कलन के लिए राज्य शासन द्वारा राशि रू. 215.64 लाख स्वीकृत किया गया है। चूंकि अकादमिक भवन भू–तल के ऊपर प्रथम तल का निर्माण किया जा रहा था इसलिए इसके निर्माणाधीन क्षेत्र से क्षेत्रफल कम नहीं किया जा सकता था। तत्कालिक व्यवस्था एवं छात्र हित को भी ध्यान में रख कर राशि रू. 265.35 लाख (विभाग का सुपरविजन चार्ज,कन्टेनजेन्सी, आर्किटेक्चरल फीस आदि जोड़ कर) का कार्य कराया गया है। अन्तर की राशि रू. 49.71 लाख विश्वविद्यालय के परीक्षा मद से दिया जा सकता है।

बस्तर विश्वविद्यालय, धरमपुरा परिसर के कुलपति निवास हेतु प्रेषित प्राक्कलन में भृत्य क्वाटर, गार्ड क्वाटर, पेविन्ग टाईल्स तथा सी.सी. रोड का कार्यादेश के अतिरिक्त आधिक्य कार्य राशि रूपये 36.50 लाख का छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल जगदलपुर द्वारा देयक प्रस्तुत किया गया है। आधिक्य कार्य की स्वीकृति व भुगतान पर विचार करना।

विषय क्रमांक –10

विश्वविद्यालय परिसर ग्राम घाटलोहंगा/टिकरालोहंगा में विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए राज्य शासन द्वारा प्राप्त राशि रू. 470.00 लाख में से निर्माण कार्य प्रारंभ करने के लिए 200.00 लाख डिपाजिट वर्क के रूप में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल, जगदलपुर को हस्तांतरित किया जाना प्रस्तावित है।

विषय क्रमांक –11

वार्षिक परीक्षा 2013–14 हेतु आवश्यक प्रपत्रों का मुद्रण केन्द्रीय जेल, जगदलपुर से कराया गया है। भुगतान योग्य राशि रू. लगभग 2.00 लाख प्रस्तावित है। भुगतान की स्वीकृति प्रदान करना।

विषय क्रमांक –12

वार्षिक परीक्षा 2013–14 हेतु 6 लाख मुख्य उत्तरपुस्तिका मुद्रण छत्तीसगढ़ संवाद, रायपुर से कराया गया है। भुगतान योग्य राशि रू. लगभग 25.00 लाख प्रस्तावित है। स्वीकृति प्रदान करना।

विषय क्रमांक –13

वार्षिक परीक्षा 2013–14 हेतु अमहाविद्यालयीन आवेदन फार्म का मुद्रण केन्द्रीय जेल, जगदलपुर से कराया गया है। भुगतान योग्य राशि रू. लगभग 3.00 लाख प्रस्तावित है। स्वीकृति प्रदान करना।

विषय क्रमांक –14

कार्यपरिषद के दसवीं बैठक के निर्णयानुसार 30 नग एल.जी. कम्पनी ए.सी. (5 स्टार ) सी.एस.आई.डी.सी दर पर क्रय की गई है। भुगतान की गई राशि रू. 12,02,076/– की सूचना ग्रहण कर कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान करना।

विषय क्रमांक –15

बस्तर विश्वविद्यालय में संचालित स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों एवं कार्यालयीन उपयोग हेतु निर्माता कंपनी गोदरेज से विभिन्न फर्नीचर क्रय किया जाना है। जिसकी अनुमानित लागत राशि रू. 120.00 लाख प्रस्तावित है। सूचना ग्रहण करें।

विषय क्रमांक –16

बस्तर विश्वविद्यालय में संचालित स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों हेतु निर्माता कम्पनियों से विभिन्न प्रायोगिक उपकरण एवं केमिकल क्रय किया जाना है। जिसकी अनुमानित लागत राशि रू. 100.00 लाख प्रस्तावित है। यह खरीदी निविदा करके की जावेगी जिससे गुणवत्ता युक्त सामग्री क्रय किया जा सके। सूचना ग्रहण करें।

विषय क्रमांक –17

विश्वविद्यालय परिसर के प्रवेश द्वार में कैटल केचर छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल, जगदलपुर के प्राक्कलन अनुसार कार्य कराया जाना प्रस्तावित है। लगभग राशि रू. 3.00 लाख का स्वीकृति प्रदान करना।

विषय क्रमांक –18

संग्रहण, परीक्षा एवं गोपनीय विभाग हेतु स्टील रेख केन्द्रीय जेल, जगदलपुर से क्रय किया गया है। भुगतान योग्य राशि रू. लगभग 1.61 लाख प्रस्तावित है। सूचना ग्रहण करें।

विषय क्रमांक –19

आफसेट प्रिन्टिंग हाऊस, चाणक्यपुरी कॉलोनी, सेमरिया चौक, सतना (म.प्र.) के द्वारा उपाधि बाक्स मुद्रण देयक क्रमांक 99 दिनांक 21.10.2013 की राशि रू. 1,93,025/– (एक लाख, तिरान्बे हजार, पच्चीस) का भुगतान प्रस्तावित है। सूचना ग्रहण करें।

विषय क्रमांक –20

अन्तर विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता खेलने हेतु बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर द्वारा बैडमिंटन (पु./म.), बास्केटबॉल (पु./म.) टीम, भुवनेश्वर (ओड़ीसा) दिनांक 05.10.2013 एवं एथलेटिक्स (पु./म.) पंजाबी विश्वविद्यालय, पटियाला (पंजाब) में खेलने हेतु दिनांक 20.12.2013 को तथा टेबल टेनिस (पु.) टीम, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर खेलने हेतु दिनांक 08.12.2013 को रवाना की गई थी। उक्त प्रतियोगिताओं में टीम कोच एवं मैनेजर, सहित रवाना हुई थी। जिसके लिए बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर की क्रीड़ा समिति की बैठक दिनांक 31.07.2013 के बिन्दु क्रमांक 05 के निर्णयानुसार आवश्यक किट एवं ड्रेस भावपत्र आमंत्रित कर लागत राशि रू. 1,68,285/– का क्रय किया गया है, लंबित देयक का भुगतान किये जाने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत है। सूचना ग्रहण करें।

विषय क्रमांक –21

सुखसागर देवी प्रबंधन महाविद्यालय, धरमपुरा, जगदलपुर द्वारा शैक्षणिक सत्र 2014 –15 मैं पाठ्यक्रम प्रारंभ करने के लिए विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्रदान करने हेतु प्रस्ताव दिया गया है।

विभागीय टीप :—

छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग, महानदी भवन, नया रायपुर के पत्र क्रमांक एफ 17—60/न.अ.महा.प्रारंभ/2014/38—2 रायपुर दिनांक 23.06.2014 के अनुसार नवीन अशासकीय महाविद्यालय "सुखसागर देवी प्रबंधन महाविद्यालय, धरमपुरा, जगदलपुर" हेतु बी.कॉम, बी.कॉम कम्प्यूटर, पी.जी.डी.सी.ए. एवं बी.बी.ए. पाठ्यक्रम शैक्षणिक सत्र 2014—15 से प्रारंभ करने के लिए विश्वविद्यालय से संबद्धता प्रदान करने संबंधी आवेदन पर विचार करना।

विषय क्रमांक —22

बस्तर विश्वविद्यालय द्वारा नवीन पाठ्यक्रम बी.एड. हेतु संविदा भर्ती दिनांक 23.02.2014 को विज्ञापन प्रकाशित किया गया एवं दिनांक 28.02.2014 को साक्षात्कार लिये जाने पश्चात् संविदा नियुक्ति पत्र जारी किये जाने के संबंध में।

विभागीय टीप :—

बस्तर विश्वविद्यालय द्वारा संचालित नवीन पाठ्यक्रम बी.एड. हेतु संविदा भर्ती दिनांक 23.02.2014 को विज्ञापन प्रकाशित किया गया एवं दिनांक 28.02.2014 को साक्षात्कार सम्पन्न किया गया है तथा शैक्षणिक सत्र प्रारंभ को दृष्टिगत रखते हुए संविदा नियुक्ति पत्र जारी किया जाना है।

विषय क्रमांक —23

बस्तर विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षणिक सत्र 2014—15 में बी.एड. पाठ्यक्रम प्रारंभ करने एवं उक्त पाठ्यक्रम का फीस निर्धारण करने के संबंध में। अंगीकृत करना है।

विभागीय टीप :—

राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् मानस भवन, श्यामला हिल्स, भोपाल के पत्र क्रमांक WRC/APP2485/203/B.Ed./2014/116089 Date 03.03.2014 के अनुसार बस्तर विश्वविद्यालय हेतु शैक्षणिक सत्र 2014—15 में बी.एड.पाठ्यक्रम प्रारंभ करने एवं 100 सीट की स्वीकृति प्रदान किया गया है। बी.एड. पाठ्यक्रम के लिए फीस शासकीय शिक्षा महाविद्यालय रायपुर एवं शासकीय महाविद्यालय बिलासपुर के समान 8500—/ (1000 रूपये

काशनमनी के साथ) निर्धारित किया गया है। अतः उक्त फीस बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर द्वारा लिया जाना सुनिश्चित किया गया है।

विषय क्रमांक –24

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर 03 नये वाहन क्रय किये जाने के संबंध में विचारार्थ।वर्तमान में बस्तर विश्वविद्यालय हेतु स्थापना के समय 02 वाहन (टाटा इंडिगो एवं टाटा इंडिका) क्रय किया गया था तथा 01 वाहन बोलेरो पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा प्रदाय किया गया था जो 2005 मॉडल है। परन्तु उक्त सभी वाहन अधिक पुराना होने के कारण बार – बार तकनीकी खराबी हो रही है। वाहनों का अपलेखन कर 01 नग कुलपति, 01 नग कुलसचिव तथा 01 नग परीक्षा कार्य हेतु नये वाहन परीक्षा मद से क्रय किये जाने हेतु विचारार्थ प्रस्तुत।

विषय क्रमांक –25

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर में पीएच.डी. पाठ्यक्रम प्रारंभ करने हेतु शुल्क, कोर्सवार्क सिलेबस अनुमोदन, अध्यादेश का पालन एवं आवश्यक संशोधन एवं अन्य दिशा निर्देश के संबंध में विचार करना।

विषय क्रमांक –26

बस्तर विश्वविद्यालय (मांग संख्या 41) M.B.A. अग्रेंजी एवं राजनीति विज्ञान में स्नातकोत्तर प्रारंभ करने सबंधी जानकारी। (संलग्न) की सूचना ग्रहण करना।

विषय क्रमांक –27

बस्तर विश्वविद्यालय के वित्त शाखा द्वारा विभिन्न मदों में किये गये भुगतान का प्रस्ताव कार्यपरिषद् में कार्योत्तर स्वीकृति /भुगतान सूचनार्थ विषयक। (पत्र संलग्न)

विभागीय टीप :–

वार्षिक, पूरक एवं सेमेस्टर परीक्षा 2012–13 हेतु गोपनीय/परीक्षा/प्रायोगिक कार्यो का देयक वार्षिक परीक्षा 2013–14 को दृष्टिगत रखते हुए भुगतान की गई है। अकादमिक भवन का बिजली बिल विगत 05 वर्षों से नहीं आया था देयक 04 किश्तों में छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल को भुगतान की गई है, केन्द्रीय जेल जगदलपुर का लंबित देयक एवं ग्रंथालय हेतु पुस्तकों का लंबित देयकों का भुगतान की गई है।बजट पुनरीक्षित

2013–14 एवं बजट अनुमान 2014–15 जो वित्त समिति से अनुमोदित है उसका अनुमोदन किया जाना है।

**विषय क्रमांक –28**

बस्तर विश्वविद्यालय के ग्रंथालय हेतु वर्ष 2013–14 का लंबित देयक का भुगतान एवं ग्रंथालय विस्तार एवं वर्तमान में संचालित स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों एवं शैक्षणिक सत्र 2014–15 में प्रारंभ किये जाने वाले नये पाठ्यक्रमों हेतु शोध पत्रिकाओं एवं पुस्तकों का क्रय किये जाने हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव (संलग्न पत्र)

**विभागीय टीप :–**

वर्ष 2013–14 में कार्यपरिषद की स्वीकृति उपरांत पुस्तक क्रय की गई है जिसका लंबित देयक राशि रू. 11,63,211/– का भुगतान किया जा सकता है। वर्तमान में संचालित स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों एवं शैक्षणिक सत्र 2014–15 में प्रारंभ किये जाने वाले नये पाठ्यक्रमों हेतु शोध पत्रिकाओं एवं पुस्तकों का क्रय वित्तीय बजट 2014–15 में प्रावधानानुसार क्रय किया जा सकता है।

**विषय क्रमांक –29**

विभिन्न मदों में खर्च हुए 1 लाख से अधिक राशि का कार्य परिषद में अनुमोदन।

**विषय क्रमांक –30**

विश्वविद्यालय एंव महाविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव विषयक्।

**विभागीय टीपः–**

विश्वविद्यालय अध्यादेश 1 के अनुसार छात्रसंघ गठन की विस्तृत जानकारी उपलब्ध है। साथ ही पत्र क्रमांक F 17-3/2012/38-2 रायपुर दिनांक 05/05/2014 छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा 23वीं बैठक दिनांक 15.01.2014 को आयोजित की गई थी। कार्यवाही विवरण उपलब्ध है

**विषय क्रमांक –31**

(1) डॉ. शरद नेमा, रीडर, वानिकी एवं वन्यजीव अध्ययनशाला को छ.ग. शासन के पत्र क्रमांक 783/ दिनांक 07.03.2013 के ए.जी.पी. पैरा (2) के अनुसार 03 वर्ष की

सेवा पूर्ण करने पर गठित समिति की अनुशंसानुसार पी.बी.–4 वेतनमान 37400 से 67000+ए.जी.पी.9000/– का लाभ दिनांक 06.05.2013 से दिया जा रहा है (पत्रसंलग्न) नियम संलग्न है। कार्यपरिषद के सम्मानीय सदस्य द्वारा कार्योत्तर स्वीकृति एवं सादर सूचनार्थ प्रस्तुत।

(2) डॉ. स्वपन कुमार कोले, रीडर, मानवविज्ञान एवं जनजातीय अध्ययनशाला को छ.ग. शासन के पत्र क्रमांक 783/ दिनांक 07.03.2013 के ए.जी.पी. पेरा (2) के अनुसार 03 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर इन्हें पी.बी.–4 वेतनमान 37400 से 67000 +ए.जी.पी. 9000/– दिये जाने हेतु गठित समिति द्वारा पी.बी.–4 प्रदान किये जाने हेतु अनुशंसा किये गये (पत्र संलग्न) प्रकरण कार्यपरिषद के सम्मानीय सदस्य द्वारा विचारार्थ प्रस्तुत।

विषय क्रमांक –32

माननीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषयों पर चर्चा।

कुलसचिव
बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर